सार-समाचार

सतीश पूनिया एक दिवसीय दौरे पर

गंगापुर सिटी । भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रभारी सतीश पूनियां के गंगापुर सिटी आगमन पर बाइपास स्थित जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के निवास पर कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत एवं अभिनदन किया। इस दौरान उन्होने सभी कार्यकर्ताओ के साथ बडे ही आत्मीयता से मुलाकात कर सरकार के कार्यो का फीडबैक लिया। उन्होने सभी से आगामी पंचायत व नगर निकाय चुनावो के लिए तैयार रहने का आहवाहन किया। उन्होने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार प्रदेश का चहुमुंखी विकास कर रही हैं। उन्होने सरकार के दो साल पूरे होने पर सभी को बधाई दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, महामंत्री विनोद अटल, नवल दनकस, जितेन्द्र, गिरधारी सोनी, चिंरजी लोधा, महेन्द्र दीक्षित, रवि मंगल, जमना लाल वैष्णव, गोपाल धामोनिया, ओमी कटारिया, नितेश मोदी, वजीरपुर मण्डल अध्यक्ष चतुर्भुज गोयल, रवि बर्रिया, मनमोहन बजाज सहित सैकडो की संख्या में कार्यकर्ता मोजूद थे।

अन्नकूट प्रसादी में उमड़ी भीड़

भरतपुर (निस)। खंडेलवाल वैश्य समाज द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता एवं महामंत्री मुरारी लाल खंडेलवाल द्वारा बताया गया कि अन्नकूट प्रसादी में लगभग 2000 की संख्या में समाज बंधुओ एवं अन्य समाज बंधुओ द्वारा प्रसादी ठाहण की गई एवं बिहारी जी मंदिर प्रांगड में प्रसादी वितरण की। सर्वप्रथम खंडेलवाल भवन में प्रतिष्ठित गणेश सरस्वती एवं खंडेलवाल समाज के आराध्य संत सुंदर दास महाराज की महा आरती की गई। इस बेला में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर प्रसादी शुरू की। कार्यक्रम संयोजक सुभाष लोहिया एवं उनके द्वारा बनाई गई टीम सदस्यों हरिशंकर राजेश मुसद्दी, मनोज मेठी, बनवारी लाल सीकरी वाले, राजेंद्र, खंडेलवाल महिला मंडल के अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल, महामंत्री सोनू खंडेलवाल, विमलेश पितलिया, पूनम, सुमन लता, वंदना, खंडेलवाल युवा मंडल के सीए अंकुर खंडेलवाल, पंकज, अंकित, जीतू लोहिया द्वारा बहुत ही श्रद्धा भाव से एवं पूर्ण मनोयोग से प्रसादी खिलाई गई जिसकी सभी के द्वारा काफी सराहना की । कार्यक्रम में समाज के प्रमुख व्यक्तियों अनिल लोहिया, प्रहलाद खंडेलवाल, नेम चंद खंडेलवाल, नरेंद्र खंडेलवाल, श्याम लाल गुप्ता, सुरेश मेठी, नरेश खंडेलवाल, योगेश महलपुरिया द्वारा आगुतकों का स्वागत सम्मान किया। खंडेलवाल समाज डीग जिले के संरक्षक सतीश तमौलिया एवं जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद, नगर इकाई के अध्यक्ष बृजेश खंडेलवाल नदबई से राजेश महरवाल सहित काफी संख्या में बाहर से प्रसादी ठाहण के लिए आए। संयोजक सुभाष लोहिया द्वारा प्रसादी ठाहण करने आए सभी बंधुओ एवं अपनी टीम सदस्यों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

दंत परीक्षण शिविर आयोजित

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा स्थानीय विवेकानंद उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय में अध्ययनरत 154 बच्चों के दांतों की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सोनम कुमारी एवं उनकी टीम द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान अनेक बच्चों के दांतों में कीड़े लगने एवं कैविटी की समस्या पाई गई, वहीं कुछ बच्चों में पायरिया जैसी दंत बीमारी के लक्षण भी सामने आए। चिकित्सकों द्वारा बच्चों को नियमित रूप से दांतों की सफाई करने, फास्ट फूड एवं चॉकलेट का सेवन कम करने तथा संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर डॉ. सोनम कुमारी एवं उनकी टीम ने बच्चों की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया और दंत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन बी. एम. गुप्ता, जॉन चेयरपर्सन लायन मंजू गुप्ता तथा कार्यक्रम संयोजक लायन ज्योति आर्य , रोहित गोयल, डॉ मनीष गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी पदाधिकारियों ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्य आयोजित कर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

उद्यमी रोजगार देने वाले बनें: चंद्रप्रकाश

भरतपुर (निस)। एनआईएमएसएमई एवं जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रैंप परियोजना के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय उद्यिमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार सामुदायिक भवन, सुभाष नगर मे हुआ। समापन अवसर पर चंद्रप्रकाश, प्रशासनिक अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र ने कहा कि युवाओं को छोटे उद्योगों को बड़े व्यवसाय में बदलने की दिशा में कार्य करना चाहिए, तभी मेक इन इंडिया का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाएं और अनुदान उद्यिमयों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हैं। कार्यक्रम प्रभारी बलवीर सिंह ने प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना, विपणन, वित्तीय साक्षरता, बैंक ऋण प्रक्रिया एवं वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना की जानकारी दी। प्रशिक्षण को सुनियोजित पाठ्यक्रम के अनुसार संचालित किया गया। समापन समारोह में प्रशिक्षक प्रतीक सिंह, प्रतिभागी उद्यमी उपस्थित रहे। अंत में चंद्रप्रकाश, बलवीर सिंह एवं बृजकिशोर राणा द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

ओशो मित्र समूह की बैठक आयोजित

हिंडौन सिटी(निसं)। ओशो मित्र समूह की एक बैठक बुधवार को बयाना रोड स्थित सूरौठ पैलेस में आयोजित हुई। बैठक में 25 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर के प्रबंधन को लेकर चर्चा की गई। समूह के ओमप्रकाश भारती ने बताया कि 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ओशो ध्यान योग साधना शिविर में दिल्ली, गाजियाबाद,मेरठ, धौलपुर, अलवर, जयपुर, जोधपुर एवं स्थानीय साधकों के पंजीयन हो चुके हैं। शिविर का संचालन गाजियाबाद के स्वामी अशोक चैतन्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविरार्थियों के आवास हेतु होटल बुक कर लिया है। शिविर में साधकों के पंजीयन की जिम्मेदारी देवेंद्र शर्मा, भोजन एवं संगीत संयंत्र की जिम्मेदारी इंदू धाकड, सामूहिक आवास एवं मैरिज हाल की जिम्मेदारी शैलेन्द्र गोयल, ध्यान कक्ष एवं ध्यान प्रक्रियाओं में सहयोग,साधकों के लिए सहयोग और सुझाव की जिम्मेदारी स्वामी ओम प्रकाश भारती को सोपी गई है। ओशो मित्र भारती ने बताया कि शिविर पूर्ण रूप से आवासीय रहेगा। जो ओशो मित्र गैर आवासीय रह कर सिर्फ ध्यान साधना के लिए भाग लेना चाहते हैं उनके लिए शिविर निशुल्क रहेगा। बैठक में शैलेन्द्र, देवेन्द्र, इन्द्रू धाकड,सोहन सिंह गुर्जर, रामनरेश गुर्जर,विजयराम मीना आदि मौजूद रहे।

तहसीलदार व थानाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

रूपवास। कस्बे में विधायक डॉ. ऋतु बनावत के समर्थकों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सोमवार को रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान इलाके से सैकड़ों महिला, पुरुष, युवा एवं वृद्धजन रैली में शामिल हुए। रैली गांधी पार्क से प्रारंभ होकर महादेव चौक, सब्जी मंडी, हनुमान तिराहा, रेलवे फाटक, मिस्त्री मार्केट होते हुए धौलपुर रोड स्थित पुरानी अनाज मंडी बिजलीघर के रास्ते पुलिस थाने पहुंची। रैली के दौरान लोगों ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार अमित कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। वहीं पुलिस थाने पहुंचकर थानाधिकारी विनोद मीणा को लिखित पत्र देकर समाजकंटकों द्वारा बैनर लगाने, सोशल मीडिया पर अनर्गल पोस्ट डालने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस पर थानाधिकारी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर वैद्य राधेश्याम शुक्ला, शिक्षाविद हरिशंकर शर्मा, रामेश्वर सिंह, मास्टर जगतार सिंह, राजवीर सिंह, डब्बू बंसल, अजय सिंह, बलवीर सिंह, ब्रह्मा दरोगा, गोविंद सिंह परमार, अरुण परमार, हरिओम सिंह, विशाल कौशल, मेजर जलसिंह, करतार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, बंटी शर्मा, परसोत्तम कंसल, केदार सिंह, कन्हैया लाल, गीता कुमारी, कमलेश कुमारी, कृष्णा डागुर, नरेंद्र सिंह, रोहतम, महेंद्र सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

जांगिड ब्राहमण समाज समिति के चुनाव तिथी में परिर्वतन

गंगापुर सिटी । जांगिड ब्राहमण समाज समिति के चुनाव प्रभारी रमेश चंद जांगिड ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले चुनावो की तिथी को मतदाता सूची का कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण आगे बढा दिया गया हैं। उन्होने बताया कि अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन 25 दिसम्बर को किया जायेगा।

ग्रामीण एवं शहरी समस्या समाधान शिविरों का निरीक्षण

■ आमजन की समस्याओं के त्वरित करें निराकरण, योजनाओं से करें लाभान्वित : कलक्टर

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने जिले में आयोजित ठामीण एवं शहरी समस्या समाधान शिविरों का बुधवार को निरीक्षण कर विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, इसलिए प्रत्येक परिवादी को मौके पर ही अधिकतम लाभ प्रदान किया जाए। जिला कलक्टर ने नगर निगम कार्यालय में आयोजित शहरी समस्या समाधान शिविर का निरीक्षण करते हुए विभागवार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अनुभागों को सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए शिविर के दौरान आवासीय पट्टा वितरण, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र जारी करने तथा मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवादी निराश होकर शिविर से न लौटे। दस्तावेजों की कमी होने पर आमजन को उचित मार्गदर्शन प्रदान कर उनकी सहायता की जाए, ताकि पात्र नागरिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

इसके पश्चात जिला कलक्टर ने वैर उपखण्ड के हलैना में आयोजित ठामीण समस्या समाधान शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से संबंधित किसानों के प्रकरणों को एक दिवस पूर्व पटवारी के माध्यम से चिन्हित कर शिविर के दौरान ही उनका निराकरण किया जाए। उन्होंने व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं में पात्र नागरिकों को मौके पर ही स्वीकृति पत्र जारी करने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पात्र व्यक्तियों के दस्तावेज शिविर में ही तैयार कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित सामूहिक अथवा व्यक्तिगत समस्याओं का संबंधित विभाग शिविर के दौरान ही समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने किसान सम्मान निधि एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पात्र लाभार्थियों का सत्यापन करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से शिविरों को संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ संचालित करने का आ ान किया। उन्होंने बाराखुर्द की क्षितठास्त सडक का निरीक्षण करते हुये पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को सडक की गुणवत्तायुक्त मरम्मत करवाने के निर्देश दिये।

शिविरों में ये हुये निस्तारण

शिविरों के दौरान लम्बित फार्मर रजिस्ट्री के 13 प्रकरण, 105 किसानों ने गिरदावरी एप डाउनलोड किया तथा 150 किसानों को जानकारी दी गई। कुर्रेजात रिपोर्ट के 8 प्रकरण, 6 आपसी सहमति से प्रकरण, नामांतरण के 55 प्रकरण, जाति प्रमाण पत्र के 35 व मूल निवास के 52 प्रकरण निस्तारित किये गये। इसी प्रकार भूमि राजस्व अधिनियम के 58, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 102 प्रकरणों की आधार सीडिंग, ईकेवाईसी के 50, एलपीजी आईडी मैप के 10, 178 लोगों का उपचार, बीपी-शुगर टेस्ट 65, टीकाकरण 3, टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत 30 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। पीएमजेवाई के 15 कार्ड वितरित, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में 101, दवा का छिडकाव, पीएम मातृ वंदना योजना के तहत 17 पंजीकृत, पोषण ट्रैकर पर एफआरएस एवं ईकेवाईसी के 983 को लाभान्वित किया गया।

गर्म कपड़े व मोजे बांटे

गंगापुर सिटी ।बुधवार को पूज्य सिन्धी समाज सेवा समिति द्वारा गर्म वस्त्र वितरण का कार्यक्रम वाल्मिकि धर्मशाला संजय कालोनी वार्ड नं॰ 24 मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती उर्मिला धामोनिया, विशिष्ट अतिथि प्रकाश पटेल, गोपाल धामोनिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जगदीश हेमनानी द्वारा की गई। वार्ड पार्षद व महिला सदस्यो द्वारा भगवान झूलेलाल व साई पुरसनाराम साहिब के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समिति की महिला सदस्यो द्वारा पार्षद श्रीमती उर्मिला धामोनिया को शाल व प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। समिति के अन्य सदस्यो द्वारा अन्य विशिष्ट अतिथियो का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ डीग में कांग्रेस का प्रदर्शन, सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल

भरतपुर (निस)। संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर अपनी राजनीतिक रंजिश निकालने व संवैधानिक मूल्यों के हनन करने की भाजपा की नीतियों के विरोध में जिला कांठोस कमेटी डीग का धरना प्रदर्शन कलैक्ट्रेट के पास जिलाध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें सैकडों कांठोसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांठोस जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने अपने उद्बोधन में बताया कि भाजपाने अपने राजनीतिक कुचक्र करके चुनाव में कांठोस पर विजय प्राप्त करने के लिये संवैधानिक संस्था ईडी का दुरूपयोग कर नेशनल हैराल्ड के झूंठे मुकदमे में ईडी पर दबाव बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पूरे परिवार को फंसाया जिसे बाद में न्यायालय ने झूंठा मानते हुए राहुल गांधी व पूरे परिवार को निर्दोष पाया और ईडी को फटकार लगाई है। इस तरह उच्च पदस्थ सत्ताधारी संवैधानिक संस्था का दुरूपयोग कर रहे है व विरोधियों को झूंठे मुकदमे में फंसाकर उनकी छवि खराब कर रहे हैं जो संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है और लोकतंत्र को खत्म करने की भाजपा की साजिश है। पार्टी जनता की आवाज बनकर संविधान व संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करेगी व आमजन की स्वतंत्रता व सुरक्षा के लिए लडती रहेगी।

अन्य वक्ताओं में कुंवर गोर्धन सिंह रीठोठी, वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज भूषण गोयल, जिला परिषदसदस्य मोहन सिंह अलीपुर, प्रदेश सचिव सुरेश पूंछरी, पूर्वचेयरमैन कुम्हेर नगरपालिका महेन्द्र सिंह जाटव, शिवा गजिया, फज्जर खां, ब्लाक अध्यक्ष खोह भवानीशंकर ब्लाक अध्यक्ष नगर सुगड सिंह, श्रीराम चुल्हेरा, महमूद खां, महावीर, अशोक, गोपाल प्रसाद, भगवान सिंह कोली सेवादल, जीतू, रामस्वरूप, परभाती, राजकुमार कठेरा, सुक्का सहित अ्रम प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष आदि शामिल थे। बाद में कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष राजीव सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला नारेबाजी व मार्च पोस्ट करते हुए कलैक्टर ऑफिस के सामने फूंका।

डॉ. सतीश पूनियां ने विधायक शत्रुघ्न गौतम के पिताजी के निधन पर मालपुरा पहुंचकर श्रद्धांजलि दी

■ करौली के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया की माताजी के निधन पर सपोटरा के डिकोली कलां पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की

जयपुर। भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम के पिताजी नंदकिशोर शर्मा के निधन पर मालपुरा में उनके निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय नंदकिशोर शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शत्रुघ्न गौतम सहित परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद करौली से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया की माताजी के निधन के उपरांत सपोटरा के डिकोली कलां में उनके निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को सम्बल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

डॉ. सतीश पूनियां ने विधायक शत्रुघ्न गौतम के पिताजी के निधन पर मालपुरा पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया ।

भारत समाज संस्थान ने दी बधाई

भरतपुर (निस)। मित्र भारत समाज संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर में डा. विष्णुकांत आई पी एस के अति. महानिदेशक पुलिस पद पर पदोन्नित पर मुलाकात कर बधाई दी। श्री विष्णुकांत संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक व प्रेरणा स्त्रोत भी हैं। संस्था के जयपुर में होने बाले होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। संस्था के अध्यक्ष कुलदीप कटारा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसिंह जघीना ने संस्था के आगामी कार्यक्रमों के बारे में उनसे विस्तार से चर्चा की।

केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

करौली, (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी करौली के अध्यक्ष घनश्याम महर की अध्यक्षता में बुधवार को करौली में केंद्र सरकार की जनविरोधी एवं दमनकारी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम महर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को राजनीतिक प्रतिशोध के तहत लगातार परेशान कर रही है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी से की जा रही लंबी पूछताछ मानसिक उत्पीड़न का प्रयास है, जो सरकार की तानाशाही सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय द्वारा ईडी की चार्जशीट पर किसी भी मामले में संज्ञान नहीं लिया जाना इस बात का प्रमाण है कि ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित एवं दुर्भावनापूर्ण है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस कमेटी करौली ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की आवाज को दबाने के किसी भी प्रयास के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

अंतर महाविद्यालय क्रिकेट में कौटिल्य कॉलेज कोटा और राजस्थान टी टी कॉलेज खेड़ा बना सिरमौर

■ सौरभ एजुकेशन कैंपस में गत 11 दिसंबर से आयोजित हो रही है अंतर महाविद्यालय महिला एवं पुरुष वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता

हिंडौन सिटी(निसं)। समीप के गांव खेड़ा स्थित सौरव एजुकेशन कैंपस में गत 11 दिसंबर से आयोजित हो रही महिला एवं पुरुष वर्ग की अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले पुरुष वर्ग में कौटिल्य कॉलेज कोटा ने एवं महिला वर्ग में राजस्थान टीटी कॉलेज खेडा ने जीत लिया।

प्रतियोगिता पर्यवेक्षक प्रियकांत बेनीवाल , मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा एवं आयोजन सचिव डॉक्टर देवेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 दिसंबर से सौरव एजुकेशन केंपस में शुरू हुई महिला एवं पुरुष वर्ग की अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बुधवार को खेले गए जिसमें पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला कौटिल्य कॉलेज कोटा और राजकीयआर्ट्स कॉलेज कोटा के बीच खेला गया जिसमें कौटिल्य कॉलेज कोटा में 163 रन बनाएं जिसका पीछा करती हुई कला कॉलेज कोटा की टीम 117 रन पर आउट हो गई इस तरह यह फाइनल मैच कोटिल कॉलेज कोटा ने 40 रन से जीत लिया ।

इसी प्रकार महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला राजस्थान टीटी कॉलेज खेड़ा निर्मल पी जी कॉलेज हिंडौन सिटी के बीच खेला गया राजस्थान टी टी कॉलेज की टीम 14 रन से विजयी घोषित हुई । इस प्रकार पुरुष वर्ग में कौटिल्य कॉलेज कोटा एवं महिला वर्ग में राजस्थान टी टी कॉलेज खेड़ा सिरमौर बना मैच के तुरंत बाद समापन समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देहली एजुकेशन सोसाइटी के सचिव महेश बेनीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता माध्यमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी ने की इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रारंभिक शिक्षा के जिला खेलकूद प्रभारी मुकेश शर्मा समाज सेवी के के सारस्वत कोटा विश्वविद्यालय से प्रतिनिधि डॉक्टर आशीष यादव सेवानिवृत्ति उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा मुरारी लाल शाक्यवार, डॉ सौरभ सिंघल , डॉक्टर एम पी सिंह, महेंद्र कुमार शर्मा, डॉ एच एन सिंह आदि मौजूद रहे जिन्होंने विजेता और उप विजेता टीमों को शील्ड एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बेनीवाल ने कहा कि खेल मनोरंजन का साधन नहीं है यह हमें सामाजिक जीवन में अनुशासन निर्णय क्षमता परस्पर सामंजस की भावना को विकसित करता है साथ ही उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आने वाली अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुट जाने की प्रेरणा दी इसी दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा अधिकारी तिवारी ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का निरंतर विकास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का मंच संचालन फिजिकल टीचर प्रियकांत बेनीवाल ने किया। इससे पूर्व हेमराज मीणा सिकरौदा , देवी सहाय शर्मा , नरेंद्र बाबा आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं शा साफा बंधन कर स्वागत किया। इस दौरान निर्णायक के रूप में प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षक देवी सहाय शर्मा, रामविलास चेतीवाल, शुभम मीणा, देशराज बेनीवाल राजू डागुर, सुनील यादव, राहुल अरुण बेनीवाल , विक्रम सिंह , विश्वेंद्र सिंह, शैलेश शर्मा प्रियकांत मीना आदि को भी स्मृति चिन्हित दिए गए ।

सार-समाचार

आवासहीनों का कलैक्ट्रेट के सामने पड़ाव

भरतपुर (निस)। आवासहीन जन संघर्ष समिति भरतपुर के बैनर तले सैंकड़ों महिला एवं पुरूषों ने आवास की मांग को लेकर पड़ाव रखा। पड़ाव का नेतृत्व संयोजक कामरेड नत्थी लाल, अध्यक्ष यादराम प्रजापति, महामंत्री कलुआ खान, रम्मो सिंह हवलदार, महावीर प्रसाद खौखर आदि ने किया। पड़ाव प्रारम्भ किया गया जो पूरे दिन जारी रहा। नेतृत्वकारी लोगों ने अपने वक्तव्यों में संबोधित करते हुए अफसोस जाहिर किया कि विगत पांच सालों से बराबर आवास की मांग को लेकर उपरोक्त संगठन अभियान चला रहा है, लेकिन 21 नवम्बर 2024 को निवर्तमान कलक्टर के आदेश पर आयुक्त नगर निगम ने 50 गज जमीन और बनाने के लिये राशि प्रति परिवार के लिये देने का आश्वासन दिया और सैंकड़ों लोगों के फार्म भरवाकर क्रियान्विति करने का आश्वासन दिया। इसके बाद बराबर पदाधिकारी आयुक्त से सम्पर्क करते रहे और करने का आश्वासन ही मिलता रहा। यह भी गौरतलब है कि विगत तीन माह पूर्व आयुक्त महोदय नगर निगम एवं जिला कलक्टर भरतपुर ने आवास के लिये जगह तलाशने की बात कही, उस पर संगठन के लोगों ने दोनों को जगह भी बता दी, लेकिन अब पिछले दिनों उन्होंने असमर्थता जाहिर करते हुए नकारात्मक जबाब दे दिया। बहरहाल संगठन ने निर्णय लेकर कलैक्ट्रेट पर सैंकड़ों सदस्यों के साथ पड़ाव डालकर घोषणा की कि अब संगठन को विवश होकर आन्दोलन तेज चलाना पड़ेगा जिसकी जबाबदेही आयुक्त नगर निगम एवं प्रशासन व सरकार की होगी। इस तरह का पत्र मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया गया, जिसकी प्रतियां संबंधित अधिकारियों को भेजी गयीं, इसके साथ ही सभी उपस्थित जन समूह से एकजुट होकर अनवरत संघर्ष करने का आ ान किया। यह पड़ाव जारी रहेगा, संघर्ष के लिये जन समूह पूरा साथ देने का वायदा किया।

डीग जिला राशन डीलर संघ में जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

डीग भरतपुर (निस)। डीग जिला राशन डीलर संघ ने जिलाध्यक्ष देशराज सिनसिनी ने नेतृत्व में राशन डीलरो के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को ज्ञापन देकर राशन डीलरो के कोविड काल के कमीशन का भुगतान कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष सिंह ने जिला कलेक्टर को बताया है कि 2019 कोविड काल में राज्य सरकार द्वारा राशन डीलरो के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों को खाद्य सामठी का वितरण कराया था। जिसके कमीशन का भुगतान अभी तक राशन डीलरो नहीं हुआ है। जबकि खाद्य एवं आपूर्ति निगम भरतपुर द्वारा संबंधित फर्म आदर्श महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड कुम्हेर को भुगतान बहुत पहले किया जा चुका है। लेकिन आज तक उक्त आपूर्ति कर्ता फर्म ने उचित मूल्य दुकानदारों को उनके कमीशन का भुगतान नहीं किया है। ज्ञापन में जिला कलेक्टर से राशन डीलरों को उक्त भुगतान दिलाने मांग करते हुए राशन डीलरों ने चेतावनी दी है यदि उन्हें भुगतान नहीं कराया गया तो मजबूर होकर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कुम्हेर कुंवर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष डीग रामजीत पटेल ,ब्लॉक अध्यक्ष कामा हरबंश, नरेश यादव रमेश जाट, नरेश, परसादी, विजय सिंह सहित अन्य राशन डीलर मौजूद थे।

अध्यात्म चिन्तन शिविर का आयोजन

भरतपुर (निस)। हरिदत्त डिठी कॉलेज, सेवर, भरतपुर के सभागार में संवित् योग साधना केन्द्र, भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान द्वारा अध्यात्म चिन्तन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से स्वामी समानन्द गिरि जी महाराज द्वारा अपने अध्यात्म चिन्तन से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने स्वामी समानन्द गिरि महाराज का कॉलेज प्रांगण में पुष्प वर्षा, माल्यार्पण व पटका पहनाकर स्वागत किया। शिविर के प्रांरभ में दीप प्रजव्लित कर शिव आराधना के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। स्वामी समानन्द गिरि ने अपने आध्यात्म अनुभव से कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अवगत करा कर लाभान्वित किया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक गणों एवं अतिथियों ने आध्यात्म सुख की अनुभूति की। इस शिविर में डॉ. खुशबू शर्मा, डॉ. उत्तम चन्द शर्मा, डॉ. तारा चन्द शर्मा, रजनी शर्मा, संवित भगवान सिंह, राजकुमार गोयल, वैद्य अशोक कुमार, पं. तुलसी राम शास्त्री, दीपक उपाध्याय, हर्श सारस्वत, कुंवर सैन, विनोद लवानियां, श्याम कुमार, ऐश्वर्य प्रताप, डॉ. संजू शर्मा, डॉ. नीलम सिंह, डी.सी.सैनी, डॉ. नीता माथुर, डॉ. राजकमल दिवाकर, मीरा शर्मा, पूनम चौधरी, नेहा ओमर, गोपाल प्रसाद, विनोद शर्मा, अशोक सिंह, महेन्द्र सर, हर्श आदि गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

मनीष शर्मा व शिव शर्मा का सम्मान

भुसावर भरतपुर (निस)। राजस्व मंडल अजमेर की ओर जारी तहसीलदार पदोन्नित सूची में